राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 04–06–2021 को आनलाइन माध्यम से सम्पन्न चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्तः–

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुएः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला<br>निदेशक<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | अध्यक्ष |
| 2 | श्री सतीश कुमार रावत<br>अधिशासी अभियन्ता एवं प्रतिनिधि<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग, कन्नौज | सदस्य<br>(आनलाइन प्रतिभागी) |
| 3. | श्री अरस्तु गौतम<br>विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य |
| 4. | प्रो0 के0जी0 उपाध्याय<br>प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग<br>एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर | सदस्य<br>(आनलाइन प्रतिभागी) |
| 5. | प्रो0 जगवीर सिंह,<br>निदेशक,<br>अमिटी स्कूल आफ आर्कीटेक्चर एण्ड प्लानिंग<br>अमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(आनलाइन प्रतिभागी) |
| 6. | डा0 रवीश सिंह राजपूत<br>सहायक प्रध्यापक एवं<br>कार्यवाहक कुलसचिव, राजकीय इंजी0 कालेज कन्नौज | सदस्य |
| 7. | श्री राजेश कुमार<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज | सदस्य<br>(आनलाइन प्रतिभागी) |
| 8. | श्री डी0सी0 पंत<br>परियोजना प्रबंधक, राजकीय निर्माण निगम लि0<br>सुडा इकाई–1, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य<br>(आनलाइन प्रतिभागी) |
| 9. | श्री ऋषभ कश्यप<br>प्रभारी, जनपदीय अनुरक्षण<br>रा0इ0का0, कन्नौज | सदस्य–सचिव |

CamScanner

04.01 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 22–02–2021 को सम्पन्न तृतीय बैठक के कार्यवृत का पुष्टीकरण।

समिति ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की भवन निर्माण समिति की दिनांक 22–02–2021 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

04.02 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के भवन निर्माण समिति की दिनांक 22–02–2021 को सम्पन्न तृतीय बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया जाना।

संस्थान की भवन निर्माण समिति की दिनॉक 22–02–2021को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

04.03 पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत संस्थान मे श्रेणी–दो व श्रेणी–तीन के आवासों तथा शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी के निर्माण हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा प्रस्तुत संशोधित आगणन पर निर्णय एवं संस्तुति।

समिति द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज मे श्रेणी–दो व श्रेणी–तीन के आवासों तथा शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी के निर्माण हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर द्वारा प्रस्तुत संशोधित आगणन का अवलोकन किया गया।

समति के अवलोकनोपरान्त यह पाया गया कि योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान ने श्रेणी–दो व श्रेणी–तीन के आवासों तथा शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी के निर्माण हेतु मूल प्रारम्भिक आगणन रू0 429.32 लाख मे भूतल फ्रेम्ड स्ट्रक्चर एवं अन्य दो मंजिल लोड वियरिंग पर स्वीकृत किया गया था। जबकि मृदा परीक्षण आख्या के अनुसार उक्त स्थान पर सभी मंजिलें फ्रेम्ड स्ट्रक्चर पर होनी चाहिए थी। उपरी दो मंजिलों का निर्माण कार्य फ्रेम्ड स्ट्रक्चर पर करने हेतु आगणन में सम्मिलित करने एवं वर्तमान मे प्रभावी दरों में वृद्धि होने के कारण संशोधित आगणन में रू0 190.94 लाख की वृद्धि हुई है। अतः संशोधित आगणन रू0 620.26 लाख हो गया है। ज्ञात हो कि मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संस्थान मे अबतक किये गये समस्त निर्माण में पाइल / रापट फाउण्डेशन एवं फ्रेम्ड स्ट्रक्चर का उपयोग किया गया है।

https://mail.google.com/mail/u/3/#inbox/FMfcgzGkXdJDsBwBZMZlvVRJxQvzbMpq?projector=1&messagePartId=0.3



CamScanner

चूंकि विश्वविद्यालय द्वारा योजनान्तर्गत जारी गाइडलाइन्स के अनुसार पूर्व स्वीकृति अनुदान धनराशि में बढ़ोत्तरी नहीं की जा सकती है। अतः विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 429.32 में मात्र श्रेणी–तीन के 22 एवं श्रेणी–दो 04 आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने की संस्तुति समिति द्वारा इस शर्त के साथ प्रदान की गई कि भविष्य में होने वाले समस्त निर्माण कार्य साइट आधारित डिजाइन एवं तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त ही प्रारम्भ किया जाये।

04.04 पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजनान्तर्गत संस्थान में दिव्यांगजनों को सुविधा प्रदान किये जाने के लिए कराये जाने वाले सिविल कार्य पर संस्तुति।

पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत संस्थान मे दिव्यांगजनों के लिये निम्नानुसार सिविल कार्य कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा धनराशि रू0 11.00 लाख स्वीकृत किया गया है:

| S.No | Items | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 01 | Ramp Hand Rails (For academic building, hostels, parking area) | Stainless steel Ramp hand rail at a height of 800mm | Running Length- **100m** |
| 02 | Wash Room Hand Rails (For academic building, hostels, parking area) | Stainless steel Ramp hand rail at a height of 800mm | Running Length- **50m** |
| 03 | Parking Area | Raised Island with 200mm height made of non-slipping material from plinth level & Ramp | 100 Sq. mt |

उपरोक्त कार्य विश्वविद्यालय द्वारा नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन के अनुसार धनराशि रू0 11.00 लाख मे कराये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(अरस्तु गौतम)
विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी0 विभाग एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(सतीश कुमार रावत)
अधिशासी अभियन्ता एवं प्रतिनिधि
अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0 इ0का0 कन्नौज



CamScanner

(डी0सी0 पन्त)
परियोजना प्रबंधक
उ0प्र0 रा0नि0 निगम एवं
वि0आ0 सदस्य भवन निर्माण समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(ऋषभ कश्यप)
प्रभारी, जनपदीय अनुरक्षण एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0 इ0का0 कन्नौज

(राजेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी एवं
सदस्य
भवन निर्माण समिति
राजकीय इजी0कालेज कन्नौज

(डा0 रवीश सिंह राजपूत)
कुलसचिव एवं सदस्य
भवन निर्माण समिति
रा0इ0का0 कन्नौज

(प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं
अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज



CamScanner